<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम कल्पनाकृति, 22 का आयोजन</u>

पंतनगर। 11 जून 2022। विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम 'कल्पनाकृती, 22' का आयोजन किया गया, जिसका थीम 'अनाक्रीडा' था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमेरिटस साइंटिस्ट, डा. बी.बी. सिंह; अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह; अधिष्ठाता पी. जी. एस, डा. के. पी. एस. रावेडकर; अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, डा. शिवेंद्र कुमार कश्यप, अधिष्ठाता सी.बी.एस.एच., डा. संदीप अरोड़ा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके उपरान्त विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय गान, कृष्ण वंदना, कश्मीरी लोक नृत्य, पहाड़ी नृत्य, नाटक आदि अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिन्होंने सभी आगन्तुकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के उपरांत होम साइंस सोसायटी अध्यक्ष द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिष्ठात्री, डा. अल्का गोयल का विशेष योगदान रहा। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्द्धन किया एवं शुभकामनायें दीं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. बी.बी सिंह द्वारा विजताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार में व्यक्तिगत रूप से धनराशि दी। उन्होंने पहाड़ी गीतों के लिए अपना अपार रुझान दर्शाते हुए रू. 2000.00 की धनराशी पहाड़ी नृत्यकारों को, रू. 1500.00 पंजाबी नृत्य कलाकारों को और रू. 1000.00 की धनराशि अंतिम वर्षीय की छात्राओं को दी। साथ ही उन्होंने गृह विज्ञान में सर्वश्रेष्ठ पी.एच.डी. को एवार्ड देने की घोषणा की, जिसमें रू. 25000.00 की राशि दी जाएगी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके अद्भुत प्रदर्शन के लिए उनकी सराहना की और उन्हें अपने 'न्यू नॉर्मल' की भावना को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की शुरूआत में स्टॉफ काउंसलर, श्री टी.ए. खास्तगीर ने सभी आगन्तुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन को–स्टॉफ काउंसलर, डा. शेफाली मैसी द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के माध्यम से किया गया।

कल्पनाकृति, 22 कार्यक्रम में प्रतिभागियों के साथ अतिथिगण।